an>

Title: Regarding opening a World Class University in every State of the country.

श्री छेदी पासवान (सासाराम) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आज देश में अंतर्राष्ट्रीय मानक के विश्वविद्यालयों के अभाव के कारण देश के विद्यार्थियों का विदेशों में स्थित विश्वविद्यालयों में अध्ययन से उनके समय और धन का भारी व्यय हो रहा है। स्वदेशी विश्वविद्यालयों में शिक्षा प्राप्त विद्यार्थियों में अपेक्षाकृत कनीय भाव उत्पन्न होते हैं। अपने देश में अंतर्राष्ट्रीय मानक के विश्वविद्यालयों की स्थापना से स्वदेशी एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान की भावना भी बलवती होगी।

ज्ञातव्य हो कि प्राचीन काल में भारत जगत्गुरू रहा है। यहाँ नालन्दा जैसे विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय में ज्ञान यज्ञ होता था। आज पुनः भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरू बनने की राह पर है।

अतः मेरा आप तथा सदन के माध्यम से विशेÂष आग्रह है कि भारतवर्ष के प्रत्येक राज्य में विश्वस्तरीय मानके का एक-एक विश्वविद्यालय स्थापित करने हेतु संबंधित मंत्रालय को निर्देशित करने की कृपा करें।

HON. DEPUTY SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Shri Sharad Tripathi and Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Chhedi Paswan.